## ईंधन

1. वे पदार्थ जो जलकर ऊष्मा प्रदान करते हैं, कहलाते हैं–
(अ) कोयला (ब) ज्वालक
(स) ऊष्णादायक (द) ईंधन
उत्तर : (द)

2. लाल तप्त कोक पर जल वाष्प प्रवाहित करने से कार्बन मोनो ऑक्साइड एवं हाइड्रोजन गैसों का मिश्रण होता है, जिसे कहते हैं–
(अ) कोल गैस (ब) जल गैस
(स) प्रोड्यूसर गैस (द) बायो गैस
उत्तर : (ब)

3. कार्बन मोनो ऑक्साइड और नाइट्रोजन के गैसीय मिश्रण को कहते हैं–
(अ) कोल गैस (ब) जल गैस
(स) प्रोड्यूसर गैस (द) प्राकृतिक गैस
उत्तर : (स)

4. प्राकृतिक गैस में मुख्यत: रहता है–
(अ) मीथेन (ब) इथेन
(स) प्रोपेन (द) ब्यूटेन
उत्तर : (अ)

5. नार्मल ब्यूटेन तथा आइसो ब्यूटेन का द्रवित किया हुआ मिश्रण कहलाता है–
(अ) जल गैस (ब) कोल गैस
(स) प्रोड्यूसर गैस (द) द्रवित पेट्रोलियम गैस
उत्तर : (द)

6. सुरक्षा की दृष्टि से खाना पकाने वाली एलपीजी गैस सिलेण्डर में क्या भरकर गैस को गंध युक्त बनाया जाता है ?
(अ) हीलियम (ब) अमोनिया
(स) मरकैप्टेन (द) ईथर
उत्तर : (स)

7. गोबर गैस में मुख्यत: होता है–
(अ) मीथेन
(ब) इथिलीन
(स) एसीटिलीन
(द) कार्बन मोनो ऑक्साइड
उत्तर : (अ)

8. जल गैस किसका संयोजन है ?
(अ) कार्बन मोनो ऑक्साइड और जल
(ब) कार्बन डाइऑक्साइड और जल
(स) कार्बन मोनो ऑक्साइड और हाइड्रोजन
(द) कार्बन डाइऑक्साइड और हाइड्रोजन
उत्तर : (स)

9. एलपीजी में मुख्यत: कौनसी गैस पाई जाती है ?
(अ) मीथेन (ब) कार्बन डाइऑक्साइड
(स) ब्यूटेन (द) सल्फर डाइऑक्साइड
उत्तर : (स)

10. बायोगैस संयंत्र से निष्कासित निम्नलिखित में से कौनसी गैस ईंधन गैस के रूप में उपयोग में आती है ?
(अ) ब्यूटेन (ब) प्रोपेन
(स) मीथेन (द) एथेन
उत्तर : (स) UPPCS 2016

11. LPG का मुख्य घटक है–
(अ) मीथेन (ब) ईंधन
(स) पेंटेन (द) ब्यूटेन
उत्तर : (द)

12. LPG का पूरा नाम है–
(अ) लिक्विड पेट्रोलियम गैस
(ब) लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस
(स) लेडेड पेट्रोलियम गैस
(द) लो पेट्रोलियम गैस
उत्तर : (ब)

13. CNG को पारिस्थितिकी मैत्रीपूर्ण क्यों कहा जाता है ?
(अ) इसमें हाइड्रोजन अत्यंत कम मात्रा में होता है
(ब) इसका मुख्य घटक इथेन गैस है
(स) इसमें कार्बन मोनो ऑक्साइड बहुत ही कम होती है
(द) इसमें होने वाली गैस पूर्ण रूप से जलती नहीं है, अत: उत्सर्जन बहुत कम होता है
उत्तर : (स)

14. निम्न में से किसका ईंधन मान सबसे अधिक होता है ?
(अ) हाइड्रोजन (ब) चारकोल
(स) प्राकृतिक गैस (द) गैसोलीन
उत्तर : (अ) IAS 1997

15. निम्न में कौनसा ईंधन सबसे कम पर्यावरण प्रदूषण उत्पन्न करता है ?
(अ) हाइड्रोजन (ब) कोयला
(स) डीजल (द) केरोसिन
उत्तर : (अ) SSC 2015

16. रॉकेट में से किस प्रकार का ईंधन प्रयुक्त होता है ?
(अ) बायोमास (ब) कोक
(स) प्रणोदक (द) कोल गैस
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

17. किस प्रकार के कोयले में सबसे अधिक कार्बन की मात्रा होती है ?
(अ) पीट (ब) लिग्नाइट
(स) बिन्टूमस (द) एन्थ्रासाइट
उत्तर : (द)

18. भूरा कोयला किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) पीट (ब) लिग्नाइट
(स) बिन्टुमस (द) एन्थ्रासाइट
उत्तर : (ब)

19. किसी ईंधन के अपस्फोटरोधी गुण को दर्शाती है–
(अ) स्वर्ण संख्या (ब) प्राकृतिक संख्या
(स) ऑक्टेन संख्या (द) मैक संख्या
उत्तर : (स)

20. ऊष्मा की वह मात्रा जो किसी ईंधन के एक ग्राम की हवा अथवा ऑक्सीजन में पूर्णतया जलाने के फलस्वरूप प्राप्त होती है, कहलाती है–
(अ) दहन (ब) कैलोरी मान
(स) ऊष्मीय ताप (द) ज्वलन ताप
उत्तर : (स)

21. एक अच्छे ईंधन के लिए आवश्यक शर्तें हैं–
(अ) उसका ऊष्मीय ताप अधिक होना चाहिए
(ब) उसे आसानी से दहनशील होना चाहिए
(स) उसका ज्वलन ताप उपयुक्त होना चाहिए
(द) इनमें से सभी
उत्तर : (द)

22. दहन की क्रिया के लिए आवश्यक शर्तें हैं–
(अ) दहनशील पदार्थ की उपस्थिति
(ब) दहन के पोषक पदार्थ की उपस्थिति
(स) ज्वलन ताप की प्राप्ति
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (द)

23. जिस न्यूनतम ताप पर कोई पदार्थ जलना शुरू करता है, उसे कहते हैं–
(अ) ऊष्मीय ताप (ब) ज्वलन ताप
(स) कैलोरी मान (द) इनमें से सभी
उत्तर : (ब)

24. श्वसन किस प्रकार की दहन प्रक्रिया है–
(अ) द्रुत दहन (ब) मंद दहन
(स) स्वतः दहन (द) विस्फोट
उत्तर : (ब)

25. बिना किसी बाहरी ऊष्मा के सम्पादित होने वाली दहन क्रिया को कहते हैं–
(अ) द्रुत दहन (ब) मंद दहन
(स) स्वतः दहन (द) विस्फोट
उत्तर : (स)

26. दहन की वह क्रिया जिसमें ऊष्मा और प्रकाश अल्प समय में उत्पन्न हो जाते हैं–
(अ) द्रुत दहन (ब) मंद दहन
(स) स्वतः दहन (द) विस्फोट
उत्तर : (अ)

27. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (ईंधन घटक)
A. CNG
B. LPG
C. कोल गैस
D. जल गैस
सूची–II (प्रमुख घटक)
1. कार्बन मोनोक्साइड, हाइड्रोजन
2. ब्यूटेन, प्रोपेन
3. मीथेन, इथेन
4. हाइड्रोजन, मीथेन, कार्बन मोनोक्साइड
(अ) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 4, C – 3, D - 1
(स) A – 3, B – 2, C – 4, D - 1
(द) A – 3, B – 2, C – 1, D - 4
उत्तर : (स) RAS/RTS 2013

28. अग्निशमन यंत्रों से भरा सोडियम बाइकार्बोनेट घोल किससे क्रिया करके कार्बन डाईऑक्साइड बनता है ?
(अ) नाइट्रिक अम्ल (ब) गंधक का अम्ल
(स) एसीटिक अम्ल (द) कार्बोलिक अम्ल
उत्तर : (ब)

29. सोडियम बाइकार्बोनेट को अग्निशामक के रूप में क्यों उपयोग किया जाता है ?
(अ) आग की गर्मी से यह कार्बन डाई–आक्साइड उत्पन्न करता है
(ब) आग की गर्मी से यह कार्बन मोनोक्साइड उत्पन्न करता है
(स) आग की गमी से यह ऑक्सीजन उत्पन्न करता है
(द) आग की गर्मी से यह जल उत्पन्न करता है
उत्तर : (अ)

30. निम्नलिखित गैसों में से कौनसी एक दहन पोषक है ?
(अ) हाइड्रोजन
(ब) नाइट्रोजन
(स) कार्बन डाईऑक्साइड
(द) ऑक्सीजन
उत्तर : (द) CDS 2014

www.rajstudents.com

31. अग्निशमन यंत्र में बोतल में रखे सान्द्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ निम्न में से किसका सान्द्र विलयन रखा जाता है ?
(अ) कैल्शियम कार्बोनेट
(ब) सोडियम क्लोराइड
(स) सोडियम बाइकार्बोनेट
(द) सोडियम सल्फेट
उत्तर : (स)

32. साधारण अग्निशमन यंत्र में कार्बन डाईऑक्साइड निम्न के प्रतिक्रिया से उत्पन्न होती है ?
(अ) चूना पत्थर एवं तनु गंधक का अम्ल
(ब) संगमरमर एवं तनु नमक का अम्ल
(स) सोडियम बाइकार्बोनेट एवं तनु गंधक का अम्ल
(द) सोडियम कार्बोनेट एवं तनु नमक का अम्ल
उत्तर : (स)

33. अग्निशमन में कौनसी गैस प्रयुक्त होती है ?
(अ) हीलियम (He)
(ब) कार्बन डाईऑक्साइड ($Co_2$)
(स) कार्बन मोनोक्साइड (CO)
(द) ऑक्सीजन ($O_2$)
उत्तर : (ब)

34. जलते पेट्रोल को पानी नहीं बुझा पाता क्योंकि–
(अ) पेट्रोल और जल के मिश्रण से एक ज्वलनशील रसायन उत्पन्न होता है
(ब) जलता हुआ पेट्रोल पानी को तुरंत भाप देता है
(स) अपने सापेक्ष कम घनत्व के कारण पेट्रोल पानी में तैरता है
(द) जलते हुए पेट्रोल से सम्पर्क पर जल ऑक्सीजन छोड़ता है, जो जलाने में सहायता करता है
उत्तर : (स)

35. निम्न में से कौनसा ईंधन तत्व नहीं है ?
(अ) यूरेनियम (ब) थोरियम
(स) रेडियम (द) हीलियम
उत्तर : (द) MPPSC 1997

36. निम्न में से कौनसा जीवाश्म ईंधन नहीं है ?
(अ) कोयला (ब) पेट्रोलियम
(स) नाइट्रोजन (द) जल गैस
उत्तर : (स) RRB 2008

37. प्रति ग्राम ईंधन द्वारा मोचित ऊर्जा की दृष्टि से निम्न में से सर्वोत्तम ईंधन कौनसा है ?
(अ) हाइड्रोजन (ब) मीथेन
(स) एथेनॉल (द) ब्यूटेन
उत्तर : (अ) SSC 2011

38. प्रोड्यूसर गैस किनका मिश्रण है ?
(अ) $CO+N_2$ (ब) $CO_2+N_2$
(स) $CO+H_2+N_2$ (द) $CO_2+H_2$
उत्तर : (अ) RRB 2009

39. निम्न में से किसका प्रयोग नोदक या रॉकेट में ईंधन के रूप में होता है ?
(अ) द्रव हाइड्रोजन+द्रव नाइट्रोजन
(ब) द्रव ऑक्सीजन+द्रव नाइट्रोजन
(स) द्रव नाइट्रोजन+द्रव ऑक्सीजन
(द) द्रव हाइड्रोजन+द्रव ऑक्सीजन
उत्तर : (द) SSC 2011

www.rajstudents.com